सावधानी	खतरे या असुरक्षित व्यवहार जिनसे **हल्की निजी चोट लग सकती है या संपत्ति की क्षति हो सकती है।**

	इसका प्रयास न करें।
	इसे खोलें नहीं।
	इसे स्पर्श न करें।
	निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करें।
	दीवार के सॉकेट से बिजली के प्लग को निकाल दें।
	बिजली के झटके से बचने के लिए सुनिश्चित करें की मशीन स्थिर है।
	सहायता के लिए संपर्क केंद्र पर कॉल करें।
	नोट।

ये चेतावनी चिह्न यहाँ आपको तथा अन्य लोगों को चोट से बचाने के लिए हैं।
कृपया उनका ध्यानपूर्वक अनुसरण करें।
इस अनुभाग को पढ़ने के बाद, इसे भावी संदर्भ के लिए किसी सुरक्षित स्थान में रखें।

CE सूचना

यह उत्पाद यूरोपीय संघ (EC) विनियम सं. 643/2009 द्वारा कार्यान्वित निम्न वोल्टेज निर्देश (2006/95/ EC), विद्युत-चुंबकीय संगतता निर्देश (2004/108/EC), RoHS निर्देश (2011/65/ EU), आयोग प्रदत्त विनियम (EU) सं. 1060/2010 और पर्यावरण-प्रारूप निर्देश (2009/125/EC) के अनुपालन में निर्धारित हुआ है।
(केवल यूरोपीय देशों में बेचे गए उत्पादों के लिए)

⚠ चेतावनी स्थापना के लिए गंभीर चेतावनी चिह्न

- रेफ्रिजरेटर को नम जगह पर या ऐसी जगह पर स्थापित न करें जहाँ वह पानी के संपर्क में आ सकता है।

- विद्युतीय हिस्सों में खराब विद्युत-रोधन के कारण बिजली के झटके या आग लग सकती है।

- इस रेफ्रिजरेटर को सीधे सूर्यप्रकाश में या स्टोव, रूम हीटर या अन्य उपकरणों की गर्मी के संपर्क में न रखें।

- गैस पाइप, टेलीफोन लाइन या अन्य संभावित बिजली-संवाहकों का उपयोग ग्राउंड की तरह कभी न करें।

- ग्राउंड प्लग के अनुचित उपयोग के कारण बिजली के झटके लग सकते हैं।

- कई उपकरणों के प्लग एक ही मल्टीपल पॉवर बोर्ड पुर ना लगाएँ।
  रेफ्रिजरेटर को हमेशा स्वयं उसके व्यक्तिगत इलेक्ट्रिकल पॉइंट में प्लग करना चाहिए जिसका वोल्टेज रेटिंग, रेटिंग प्लेट से मेल खाता हो।

- इससे सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन मिलता है और इससे घर का वायरिंग सर्किट ओवरलोड होने से भी बचता है, जिससे अत्यधिक गर्म तारों से आग का खतरा हो सकता है।

- यदि दीवार का सॉकेट ढीला हो, तो उसमें पावर प्लग न लगाएँ।

- इससे बिजली के झटके या आग का जोखिम होता है।

- ऐसे किसी तार का उपयोग न करें जिसकी पूरी लंबाई या किसी छोर में दरारें या घर्षण क्षति नजर आ रही हो।

- बिजली के तार को अधिक न मोड़ें या इस पर कोई भारी चीज न रख दें।

• यह रेफ़्रिजरेटर उचित तरीके से स्थापित किया जाना चाहिए और उपयोग से पूर्व पुस्तिका के अनुसार अवस्थित होना चाहिए।

• तार को नीचे लटकाकर बिजली के प्लग को उचित स्थिति में कनेक्ट करें।

- अगर आप बिजली के प्लग को उल्टा लगाते हैं, तो तार कट सकता है और आग या बिजली का झटका लग सकता है।

• रेफ़्रिजरेटर का स्थान बदलने के दौरान, बिजली के तार को क्षतिग्रस्त न होने दें।

- इससे आग का जोखिम हो सकता है।

• रेफ़्रिजरेटर के पिछले हिस्से द्वारा बिजली के प्लग का कुचलना या क्षतिग्रस्त न होना सुनिश्चित करें।

• पैकिंग सामग्रियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

- यदि बच्चे उन्हें सिर पर पहनें तो दम घुटने से मौत होने का ख़तरा रहता है।

• उपकरण इस प्रकार रखना चाहिए कि स्थापना के बाद प्लग तक आसानी से पहुँचा जा सके।

• रेफ़्रिजरेटर ग्राउंड किया गया होना चाहिए।

- बिजली के लीकेज को रोकने या रेफ़्रिजरेटर से वर्तमान लीकेज के कारण बिजली के झटके से बचने के लिए आपको रेफ़्रिजरेटर को ग्राउंड कर देना चाहिए।

• यदि बिजली का तार क्षतिग्रस्त हो, तो इसे निर्माता या किसी सर्विस एजेंट द्वारा तत्काल बदलवाएँ।

• रेफ़्रिजरेटर पर लगा फ्यूज़ योग्य तकनीशियन या सर्विस कंपनी द्वारा ही बदला जाना चाहिए।

- ऐसा करने में विफल रहने पर बिजली का झटका या निजी चोट लग सकती है।

सावधानी स्थापना के लिए सावधानी चिह्न

- उपकरण की अंदरूनी जगह या आधार संरचना में मौजूद वायुसंचार छिद्र में किसी भी तरह की रुकावट न आने दें।
- स्थापना के बाद उपकरण को 2 घंटे तक खड़ा रहने दें।

चेतावनी उपयोग के लिए गंभीर चेतावनी संकेत

- गीले हाथों से बिजली का प्लग न लगाएँ।
- उपकरण के ऊपर कोई सामान न रखें।
- जब आप दरवाजा खोलते या बंद करते हैं, तो सामान गिर सकते हैं तथा उससे शारीरिक चोट लग सकती है और/या उपकरण क्षतिग्रस्त हो सकता है।
- पानी से भरा कंटेनर रेफ्रिजरेटर पर न रखें।
- इसके छलकने से आग या बिजली के झटके का खतरा हो सकता है।
- बच्चों को दरवाज़े से लटकने ना दें। अन्यथा, गंभीर चोट लग सकती है।
- बच्चों को रेफ्रिजरेटर के अंदर प्रवेश करने न दें। बच्चों के फँस जाने का जोखिम रहता है।
- डिस्पेंसर के छिद्र में उंगलियाँ या अन्य वस्तुएँ कभी न डालें।
- इससे निजी चोट लग सकती है या सामग्री की क्षति हो सकती है।
- वाष्पशील या ज्वलनशील पदार्थों को रेफ्रिजरेटर में स्टोर न करें।
- बेन्ज़ीन, थिनर, शराब, ईथर, एल.पी. गैस और इस तरह के अन्य उत्पादों का भंडारण विस्फोट का कारण बन सकता है।
- औषधीय उत्पादों, वैज्ञानिक सामग्रियों या तापमान के प्रति संवेदनशील उत्पादों तो रेफ्रिजरेटर में स्टोर ना करें।
- ऐसे उत्पादों को रेफ्रिजरेटर में नहीं रखा जाना चाहिए जिनके लिए सख्त तापमान नियंत्रणों की आवश्यकता होती है।
- रेफ्रिजरेटर के अंदर बिजली के उपकरण को न रखें या उनका उपयोग न करें, बशर्ते कि वे निर्माता द्वारा अनुशंसित श्रेणी के हों।
- विहिमीकरण प्रक्रिया को तेज करने के लिए निर्माता द्वारा अनुशंसित मशीनी उपकरण या किसी दूसरे उपाय के अलावा किसी अन्य उपकरण या उपाय का उपयोग न करें।
- प्रशीतक सर्किट को क्षति न पहुँचाएँ।

- रेफ्रिजरेटर का वियोजन या मरम्मत स्वयं न करें।
- आपके लिए आग, ख़राबी और/या शारीरिक चोट का ख़तरा रहता है।

- बच्चों पर नज़र रखनी चाहिए ताकि सुनिश्चित हो कि वे उपकरण के साथ न खेलें।
- बोतलों को एकदम सटाकर रखना चाहिए ताकि वे गिर न जाएँ।
- यह उत्पाद घरेलू परिवेश में केवल खाद्य पदार्थ के भंडारण के लिए नियत है।
- एक गैस रिसाव का पता चला है, तो किन्हीं नग्न लपटें या प्रज्वलन के संभावित स्रोतों से और कमरे में हवा से बचें जहाँ उपकरण कई मिनट के लिए खड़ा हो।
- केवल निर्माता या सर्विस एजेंट द्वारा प्रदान किए गए LED लैंप का ही उपयोग करें।

- यदि आपको दवा या धुएँ की गंध महसूस हो तो तुरंत पॉवर प्लग बाहर खींचें और अपने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा केंद्र से संपर्क करें।
- यदि आप लाइट बदलने में परेशानी महसूस करते हैं, तो सर्विस एजेंट से संपर्क करें।
- अगर उत्पादों में LED लैंप लगी हैं, तो स्वयं लैंप कवर या LED लैंप को न खोलें।

- कृपया अपने सर्विस एजेंट से संपर्क करें।

सावधानी उपयोग के लिए सावधानी संकेत

- उत्पाद से सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन पाने के लिए,

- खाद्य पदार्थों को उपकरण के पिछले भाग में निकासों के सामने बहुत पास न रखें क्योंकि इससे रेफ्रिजरेटर कंपार्टमेंट में स्वतंत्र वायु संचार बाधित हो सकता है।
- भोजन को रेफ्रिजरेटर में रखने से पहले उचित तरीके से ढकें या किसी वायुरुद्ध पात्र में रखें।

- पानी की टंकी, पानी के क्यूब केवल पीने-योग्य पानी से ही भरें।
- काँच की सतह पर तेज़ झटका या अत्यधिक बल न लगाएँ।

- टूटे काँच से निजी चोट और/या संपत्ति को क्षति हो सकती है।

- सावधान रहें कि अंगुलियाँ न फँसें।



• यदि रेफ़्रिजरेटर पानी से क्षतिग्रस्त हुआ है, तो पॉवर प्लग बाहर खींचें और अपने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा केंद्र से संपर्क करें।

सावधानी सफ़ाई के लिए सावधानी संकेत

• रेफ़्रिजरेटर के अंदर या बाहर पानी का सीधा छिड़काव न करें।

- इससे आग या बिजली के झटके का खतरा होता है।

• रेफ़्रिजरेटर के पास ज्वलनशील गैस का स्प्रे न करें।

- विस्फ़ोट होने या आग लगने का जोखिम है।

• प्रदर्शन पर सफाई उत्पादों को सीधे स्प्रे न करें।

- प्रदर्शन पर लगे मुद्रित पत्र छूट सकते हैं।

• बिजली के प्लग के पिन से बाह्य पदार्थ या धूल को निकालें।
लेकिन प्लग साफ करने, बिजली के प्लग के पिन से बाह्य पदार्थ या धूल को निकालने के लिए गीले या नम कपड़े का उपयोग न करें।

- अन्यथा इससे आग या बिजली के झटके का खतरा होता है।

• सफ़ाई एवं रखरखाव करने से पहले रेफ़्रिजरेटर का प्लग हटाएँ।

चेतावनी निपटान के लिए गंभीर चेतावनी संकेत

• इस या अन्य रेफ़्रिजरेटर/रों का निपटान करते समय, दरवाज़ा/दरवाज़े के सील, कुंडी हटाएँ ताकि बच्चे या जानवर अंदर न फँस सकें।
बच्चों पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि सुनिश्चित हो सके कि वे उपकरण के अंदर प्रवेश नहीं करते और उसके साथ खेलते नहीं हैं।

• कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करें।

• शेल्फ़ को यथा स्थान रखें ताकि बच्चे आसानी से अंदर न चढ़ सकें।
निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे वाली कोई नली क्षतिग्रस्त नहीं है।

• R-600a या R-134a का रेफ़्रिजरेंट के रूप में उपयोग किया जाता है।
आपके रेफ़्रिजरेटर में किस रेफ़्रिजरेंट का उपयोग किया गया है, यह जानने के लिए उपकरण के पीछे कम्प्रेसर लेबल या रेफ़्रिजरेटर की अंदरूनी रेटिंग लेबर की जाँच करें।
जब इस उत्पाद में ज्वलनशील गैस (रेफ़्रिजरेंट R-600a) हो, तो इस उत्पाद के सुरक्षित निपटान के संबंध में अपने स्थानीय प्राधिकारी से संपर्क करें।
इंसुलेशन ब्लोइंग गैस के रूप में साइक्लोपेंटेन का उपयोग किया जाता है।
इंसुलेशन सामग्री में मौजूद गैस के लिए विशेष निपटान प्रक्रिया की आवश्यकता है।
पर्यावरण की दृष्टि से इस उत्पाद के सुरक्षित निपटान के संबंध में अपने स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें।
निपटान से पहले सुनिश्चित करें कि उपकरण के पीछे की कोई नली क्षतिग्रस्त नहीं है।
नलियों को ख़ुली जगह पर तोड़ना होगा।

- यदि इस उपकरण में आइसोब्यूटेन रेफ्रिजरेंट(R-600a) शामिल है, जो कि उच्च पर्यावरणीय संगतता वाली प्राकृतिक गैस है, तथापि यह ज्वलनशील भी होती है।
  उपकरण के स्थानांतरण एवं स्थापना के दौरान प्रशीतन सर्किट के किसी भी भाग का क्षतिग्रस्त न होना सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए।
- पाइप से रिसने वाले रेफ्रिजरेंट से आग लग सकती है या आँखों को चोट पहुँच सकती है।
  यदि रिसाव का पता लगता है, तो अग्नि या प्रज्वलन के संभावित स्रोत से बचें और उपकरण वाले कमरे में कुछ समय तक हवा आने दें।

- प्रशीतन सर्किट में रिसाव होने की स्थिति में ज्वलनशील गैस-हवा के मिश्रण के निर्माण से बचने के लिए, उस कमरे का आकार ,जहाँ उपकरण रखा जाएगा, प्रयुक्त रेफ्रिजरेंट की मात्रा पर निर्भर करता है।
  कभी क्षति के कोई लक्षण दिखने पर उपकरण चालू न करें।
  यदि संदेह हो, तो अपने डीलर से संपर्क करें.
  उपकरण के अंदर R-600a के प्रत्येक 8 ग्रा. पर कमरे का आकार 1 m^3 होना चाहिए।
  आपके विशेष उपकरणों में रेफ्रिजरेंट की मात्रा उपकरण के अंदर पहचान प्लेट पर दर्शाई गई है।

उचित उपयोग के लिए अतिरिक्त युक्तियाँ

- बिजली चले जाने की स्थिति में अपनी बिजली कंपनी के स्थानीय कार्यालय में कॉल करें और पूछें कि यह कब तक आएगी।
- एक या दो घंटे में ठीक हो जाने वाली अधिकांश बिजली की कटौतियाँ आपके रेफ्रिजरेटर के तापमान को प्रभावित नहीं करेगी।
  तथापि, बिजली न रहने पर आपको दरवाज़ा खोलने की संख्या को कम करना होगा।
- अगर रेफ्रिजरेटर के साथ चाबियाँ प्रदान की गई हैं, तो चाबियों को बच्चों की पहुँच से दूर रखना चाहिए और इन्हें उपकरण के पास नहीं छोड़ना चाहिए।
- जब उपकरण को अधिक समय तक तापमान की उस सीमा के अंतिम शीत बिंदु पर चलाया जाता है जिसके लिए उसे डिज़ाइन किया गया है, तो हो सकता है कि उपकरण संगत रूप से (रेफ्रिजरेटर में तापमान बहुत गर्म होने की संभावना) कार्य न करे।
- ऐसे भोजन को संग्रहीत न करें जो कम तापमान पर खराब हो जाता है, जैसे केले, खरबूजे।
- आपका उपकरण तुषार मुक्त है, जिसका अर्थ है कि अपने उपकरण को मैन्युअल रूप से विहिमीकृत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह स्वचालित रूप से हो जाएगा।
- जहाँ दो सितारा प्रतीक है, वहाँ दो सितारा खंड (खंडों) या कंपार्टमेंट अथवा डिब्बे (डिब्बों) का तापमान
  (**) अन्य फ्रीज़र कंपार्टमेंट से थोड़ा अधिक होता है।
  दे सितारा खंड या डिब्बा, अनुदेश और/या डिलीवरी के समय की स्थिति पर आधारित है।

बिजली की बचत करने की युक्तियाँ

- उपकरण को पर्याप्त हवा वाले एक ठंडे, सूखे कमरे स्थापित करें।
  सुनिश्चित करें कि यह सीधे सूर्य के प्रकाश के संपर्क में नहीं आ रहा है और कभी भी इसे गर्मी के प्रत्यक्ष स्रोत (उदाहरण के लिए रेडिएटर) के पास न रखें।
- उपकरण के निकासों या जालियों को कभी अवरोधित न करें।
- गर्म भोजन को उपकरण में रखने से पहले भोजन को ठंडा होने दें।
- पिघलाने के लिए जमे हुए भोजन को रेफ़्रिजरेटर में रखें।
  तब आप रेफ़्रिजरेटर में भोजन को ठंडा करने के लिए जमे उत्पादों के निम्न तापमानों का उपयोग कर सकते हैं।
- भोजन रखते या बाहर निकालते समय उपकरण के दरवाज़े को बहुत देर तक खोलकर न रखें।
  आप जितने कम समय के लिए दरवाज़ा खोलेंगे, फ़्रीजर में उतनी कम बर्फ जमेगी।
- रेफ़्रिजरेटर का पिछला हिस्सा नियमित रूप से साफ़ करें।
  धूल से ऊर्जा की खपत बढ़ जाती है।
- तापमान को आवश्यकता से अधिक ठंडे पर सेट न करें।
- रेफ़्रिजरेटर के नीचे और उसकी पिछली दीवार पर पर्याप्त वायु निकास सुनिश्चित करें।
  वायु निकास छिद्रों को न रोकें।
- स्थापना करते समय दाईं, बाईं, पीछे और ऊपर की ओर खाली स्थान छोड़ें।
  इससे आपको बिजली की खपत को कम करने में सहायता मिलेगी और आपके बिजली के बिल कम रहेंगे।
- ऊर्जा के सबसे प्रभावी उपयोग के लिए, कृपया भीतर की सभी फिटिंग जैसे टोकरी, दराज, शेल्फ़ को उसी स्थान पर रखें जैसा निर्माता द्वारा आपूर्ति किया गया है।

यह उपकरण केवल घरेलू या इसी प्रकार के स्थानों पर उपयोग किए जाने के लिए बनाया गया है, जैसे कि

- दुकानों, कार्यालयों और अन्य कार्यस्थलों में कर्मचारियों के लिए बने रसोईघरों में;
- फ़ार्म हाउस में और होटलों, मोटलों और अन्य आवासीय स्थानों पर क्लाइंट द्वारा;
- विश्राम और खान-पान वाले परिवेश में;
- केटरिंग और इसी प्रकार के गैर-खुदरा स्थानों पर।

अपने रेफ़्रिजरेटर को सेट करना

रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करने के लिए तैयार होना

Samsung रेफ़्रिजरेटर खरीदने पर आपको बधाई।
हम आशा करते हैं कि आप बहुत सी अत्याधुनिक सुविधाओं और क्षमताओं का आनंद लेंगे जो यह नया उपकरण आपको प्रदान करेगा।

चेतावनी

- यह रेफ़्रिजरेटर उचित तरीके से स्थापित किया जाना चाहिए और उपयोग से पूर्व पुस्तिका के अनुसार अवस्थित होना चाहिए।

- इस उपकरण का उपयोग इस निर्देश पुस्तिका में वर्णित नियत उद्देश्य के लिए ही करें।
- हम सशक्त अनुशंसा करते हैं कि कोई भी सर्विस योग्य व्यक्ति द्वारा ही की जाए।
- कृपया इस उत्पाद की पैकेजिंग सामग्री का निपटान पर्यावरण-अनुकूल तरीके से करें।
- रेफ़्रिजरेटर की आंतरिक लाइट बदलने के पहले बिजली के प्लग को सॉकेट से बाहर खींच लें।

- अन्यथा इससे बिजली के झटके का खतरा होता है।

रेफ़्रिजरेटर के लिए सर्वोत्तम स्थान का चयन करना

- ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ सूर्य का प्रकाश सीधा न पड़ता हो।
- किसी समतल (या लगभग समतल) सतह वाले स्थान का चयन करें।
- किसी ऐसे स्थान का चयन करें जहाँ रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े आसानी से खुल सकें।
- रेफ़्रिजरेटर को समतल सतह पर स्थापित करने के लिए पर्याप्त स्थान रखें।

- यदि रेफ़्रिजरेटर समतल नहीं है, तो हो सकता है कि आंतरिक कूलिंग सिस्टम सही तरीके से काम न करे।
- उपयोग के लिए आवश्यक संपूर्ण स्थान।
  नीचे दिए अनुसार आरेख और आयाम देखें।





ऊपर दिया चित्र RT36* प्रदर्शित करता है।

Model	A	B
RT27	1141	964
RT29	1141	964
RT33	1221	1040
RT36	1221	1040

हवा के परिसंचरण के लिए दाएँ, बाएँ, पीछे और ऊपर पर्याप्त ख़ाली जगह छोड़ें।
यह बिजली की खपत को कम करने और आपके बिजली का बिल कम रखने में मदद मिलेगी।
जहाँ तापमान 10 °C से नीचे जाने की संभावना हो, वहाँ रेफ़्रिजरेटर स्थापित न करें।
कृपया उपकरण की मरम्मत और सेवा के लिए आसानी से गतिशील करने की स्थिति सुनिश्चित करें।

सावधानी

रेफ़्रिजरेटर के पीछे के भाग को स्थापित, सर्विस या साफ़ करते समय इकाई को सीधे बाहर खींचना और कार्य समाप्त कर लेने के बाद इसे सीधे वापस धकेलना सुनिश्चित करें।
साथ-ही, यह सुनिश्चित करें कि आपकी सतह पूरी तरह भरे रेफ़्रिजरेटर का समर्थन करती हो।
अन्यथा, इससे सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

सावधानी

बिजली के अतिरिक्त तार को कृपया रेफ़्रिजरेटर के पीछे बाँध दें, ताकि वे सतह से स्पर्श न करें और स्थानांतरित करते समय बिजली के तार रोलर द्वारा कुचले न जाएँ।

सतह

उचित स्थापना के लिए, रेफ़्रिजरेटर को ऐसी समतल, ठोस-पदार्थ की सतह पर रखा जाना चाहिए जिसकी ऊँचाई बाकी सतह के समान हो।
यह सतह पूरी तरह से (या लगभग 100 कि.ग्रा.) भरे रेफ़्रिजरेटर का समर्थन करने में सक्षम होनी चाहिए।
तल की फ़िनिश को सुरक्षित करने के लिए, कार्डबोर्ड के डब्बे का एक बड़ा भाग काटें और उसे रेफ़्रिजरेटर के नीचे उस स्थान रखें जहाँ आप काम कर रहे हैं।



रेफ़्रिजरेटर को खींचने या ढकेलने से सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है।
रेफ़्रिजरेटर को स्थापित करने के बाद उसे स्थानांतरित करने से सतह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

रेफ़्रिजरेटर को समतल करना

यदि उपकरण का सामने का भाग, पिछले भाग से थोड़ा सा ऊँचा हो, तो दरवाज़ा अधिक आसानी से खोला और बंद किया जा सकता है।



< स्थिति1 > < स्थिति2 >

स्थिति 1) उपकरण बाईं ओर झुक जाता है।

- बाएँ समायोजन पाये को तीर की दिशा में तब तक घुमाएँ, जब तक कि उपकरण समतल नहीं हो जाता।

स्थिति 2) उपकरण दाईं ओर झुक जाता है।

- दाएँ समायोजन पाये को तीर की दिशा में तब तक घुमाएँ, जब तक कि उपकरण समतल नहीं हो जाता।

रेफ़्रिजरेटर सेट करना

अब जब आपका नया रेफ़्रिजरेटर अपने स्थान पर स्थापित है, तो आप सेट करने और इस उपकरण के सुविधाओं और कार्यों का आनंद उठाने के लिए तैयार हैं।
निम्न चरणों को पूरा करके, आपका रेफ़्रिजरेटर पूरी तरह से संचालनीय होना चाहिए।
अगर ऐसा नहीं है, तो पहले बिजली की आपूर्ति और बिजली के स्रोत जाँचें या इस उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका के अंत में दिया गया समस्या-निवारण अनुभाग देखें।
अगर आपके कोई और प्रश्न हैं, तो अपने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा केंद्र से संपर्क करें।

1. रेफ़्रिजरेटर को किसी उपयुक्त स्थान पर रखें जहाँ दीवार और रेफ़्रिजरेटर के बीच पर्याप्त ख़ाली जगह हो।
   इस मैनुअल के स्थापना अनुदेशों को देखें।
2. एक बार रेफ़्रिजरेटर प्लग कर दिए जाने पर, सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा दरवाज़ा खोलने पर भीतर की लाइट जल जाती है।

तापमान नियंत्रक को सबसे ठंडे तापमान पर सेट करें और एक घंटे तक प्रतीक्षा करें।
फ़्रीज़र को थोड़ा ठंडा हो जाना चाहिए और मोटर को सुचारू रूप से चलना चाहिए।
रेफ़्रिजरेटर को चालू करने के बाद, इसे उचित तापमान पर पहुँचने में कुछ घंटे लगेंगे।
जब रेफ़्रिजरेटर का तापमान पर्याप्त रूप से ठंडा हो जाए, तो आप रेफ़्रिजरेटर में भोजन और पेय पदार्थ रख सकते हैं।

आपके रेफ़्रिजरेटर का संचालन

नियंत्रण कक्ष का उपयोग करना (प्रदर्शन प्रकार)



आपके द्वारा हर बार बटन दबाए जाने पर, एक लघु बीप की ध्वनि आएगी।

प्रत्येक बटन को दबाने के बाद तापमान 10 अनुभागों के बाद सेट हो जाएगा।

(1) Freezer (फ़्रीज़र)

1. Freezer (फ़्रीज़र)

- फ़्रीज़र को -15 °C और -23 °C के बीच के वाँछित तापमान पर सेट करने के लिए Freezer (फ़्रीज़र) बटन दबाएँ।
  डिफ़ॉल्ट रूप से तापमान -19 °C पर सेट होता है और Freezer (फ़्रीज़र) बटन को बार-बार दबाने से तापमान अगले क्रम में बदलता जाता है और तापमान संकेतक वाँछित तापमान प्रदर्शित करता है।

-23 °C → -15 °C → -17 °C → -19 °C → -21 °C

2. Power Freeze (पॉवर फ़्रीज़)

- जब आप 3 सेकंड तक के लिए Freezer (फ़्रीज़र) बटन दबाते हैं, तो संकेतक प्रकाशित हो जाता है और रेफ़्रिजरेटर, फ़्रीज़र में रखी चीज़ों को कम समय में तथा तेज़ी से फ़्रीज़ करता है।

जब आप Power Freezer (पॉवर फ़्रीज़) फ़ंक्शन का उपयोग करते हैं, तो रेफ़्रिजरेटर की कूलिंग में कई घंटे तक की तेज़ी आ जाती है।
जब आप इस फ़ंक्शन का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की खपत में वृद्धि हो जाती है।
इस फ़ंक्शन को निष्क्रिय करने के लिए, Freezer (फ़्रीज़र) बटन को 3 सेकंड तक के लिए दबाएँ।

(2) Freezer (फ़्रीज़र) → Fridge (फ़्रिज़) (3 सेकंड)

जब आप फ़्रीज़र रूम को फ़्रिज रूम और फ़्रीज़र में रूपांतरित करने के लिए इस बटन को 3 सेकंड तक के लिए दबाते हैं, तो प्रदर्शन बंद हो जाएगा।
इस फ़ंक्शन का उपयोग करते हुए आप Power Freezer (पॉवर फ़्रीज़र) फ़ंक्शन का उपयोग नहीं कर सकते।
इस फ़ंक्शन को निष्क्रिय करने के लिए, इस बटन को 3 सेकंड तक के लिए दबाएँ।

चेतावनी

विस्फोट का ख़तरा

जब आपको इस फ़ंक्शन को रद्द करना हो, तो जमने वाले द्रव को काँच की बोतल में रखकर फ़्रीज़र रूम में कभी भी संग्रहीत नहीं करना चाहिए।

जब आप फ़्रीज़र रूम को fridge mode (फ़्रिज मोड) में परिवर्तित करने के लिए उपयोग करते हैं, तो हम खाद्य सामग्री (विशेष रूप से सब्ज़ी) को प्लास्टिक के डिब्बे या बॉक्स में रखने की सलाह देते हैं.

(3) Fridge (फ़्रिज)

1. Fridge (फ़्रिज)

- फ़्रिज को 1 °C से लेकर 1 °C और 7°C के बीच के वाँछित तापमान पर सेट करने के लिए Fridge (फ़्रिज) बटन दबाएँ।
  डिफ़ॉल्ट रूप से तापमान 3 °C पर सेट होता है और Fridge (फ़्रिज) बटन को बार-बार दबाने से तापमान अगले क्रम में बदलता जाता है और तापमान संकेतक वाँछित तापमान प्रदर्शित करता है।

2. Power Cool (पॉवर कूल)

- जब आप 3 सेकंड तक के लिए Fridge (फ़्रिज) बटन दबाते हैं, तो संकेतक प्रकाशित हो जाता है और रेफ़्रिजरेटर की गति में तेज़ी आ जाती है।

अगर आपको भारी मात्रा में खाद्य सामग्री फ़्रीज़ करने की आवश्यकता है, तो कम से कम 24 घंटे पहले Power Freezer (पॉवर फ़्रीज़र) फ़ंक्शन को सक्रिय कर दें।

Fridge (फ़्रिज) के तापमान को समायोजित करना

अगर रेफ़्रिजरेटर में भोजन आपकी पसंद के अनुसार ठंडा नहीं होता है या अगर आप रेफ़्रिजरेटर का तापमान और कम करना चाहते हैं, तो तापमान को 1 °C पर सेट कर दें।
अगर रेफ़्रिजरेटर में भोजन जम गया है या अगर आप रेफ़्रिजरेटर का तापमान बढ़ाना चाहते हैं, तो तापमान को 3 °C और 7 °C के बीच सेट कर दें।



- अगर कमरे के तापमान 10 °C से कम है, तो तापमान को 5 °C और 7 °C के बीच में सेट न करें।
  अन्यथा रेफ़्रिजरेटर के प्रदर्शन में समस्या आ सकती है।
- कमरे का तापमान 35 °C से अधिक होने पर, तापमान को 1 °C और 2 °C के बीच में सेट न करें।
  अन्यथा रेफ़्रिजरेटर के प्रदर्शन में समस्या आ सकती है।

बर्फ़ तैयार करना (वैकल्पिक)

आइस मेकर को ट्वस्ट करें

आइस क्यूब तैयार करना

आइस ट्रे को अपनी ओर खींचते हुए हटाएँ।
ट्रे के पिछले हिस्से में अंकित अधिकतम पानी के स्तर तक ट्रे में पानी भरें।
पानी को न छलकने देने की सावधानी बरतते हुए, ट्रे को वापस होल्डर में स्लाइड करें।
आइस क्यूब तैयार होने की प्रतीक्षा करें।

आइस क्यूब हटाना

सुनिश्चित करें कि आइस क्यूब स्टोरेज बिन, आइस क्यूब ट्रे के नीचे सही जगह पर है। यदि नहीं, तो सही जगह खिसकाएँ।

किसी एक लीवर को मजबूती से घड़ी की सुई की दिशा में घुमाएँ जब तक कि ट्रे हल्के से मुड़ न जाए।

परिणाम : आइस क्यूब स्टोरेज बिन में गिर जाएँगे।

यदि आवश्यक हो, तो ट्रे के दूसरे आधे भाग के लिए चरण 2 दोहराएँ। निम्नतः स्टोरेज बिन हटाएँ:



- उसे थोड़ा ऊपर उठाते हुए
- अपनी ओर खींचते हुए

सावधानी

विस्फोट का ख़तरा

द्रव से भरी काँच की बोतलों को फ़्रीज़र में कभी-भी संग्रहीत नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि सामग्री के फ़्रीज़ हो जाने पर काँच टूट कर बिखर सकता है।

ट्रे टाइप (वैकल्पिक)

आइस क्यूब तैयार करना

आइस ट्रे को, ट्रे के पिछले हिस्से में अंकित अधिकतम पानी के स्तर तक पानी से भरें।
आइस ट्रे को फ़्रीज़र में रखें।



आइस क्यूब हटाना

आइस ट्रे के दोनों सिरों को पकड़ें, उसे हल्के से घुमाते हुए ट्रे से आइस क्यूब हटाएँ।





चित्र के कुछ भाग मॉडल और विकल्प के आधार पर आपके रेफ़्रिजरेटर से भिन्न हो सकते हैं (उदाहरण के लिए आइस ट्रे, दुगुना आइस मेकर, कूल पैक या शेल्फ़)।

चेतावनी

- यदि आप काफ़ी समय के लिए दूर जाने की योजना बना रहे हैं, तो रेफ़्रिजरेटर ख़ाली करें और उसे बंद कर दें।
  उपकरण की अंदरूनी अधिक नमी को पोंछ दें और दरवाज़ों को खुला रखें।
  यह दुर्गंध तथा फफूंद विकसित न होने में मदद करता है।
- यदि लंबे समय तक रेफ़्रिजरेटर का उपयोग नहीं होगा, तो बिजली का प्लग निकाल दें।

- फ़्रीज़र कंपार्टमेंट में अधिक ख़ाली जगह पाने के लिए, आप कूल पैक, शेल्फ़, ट्विस्ट आइस मेकर, आइस स्टोरेज बिन और उनके सहायक जैसे प्रयोज्य फ़िटिंग हटा सकते हैं, जिन्हें बिना किसी औजार के हटाया जा सकता है।
  यह ऊष्मीय और यांत्रिकीय विशेषताओं को प्रभावित नहीं करता है।
  उपर्युक्त चीज़ों को हटाने पर फ़्रीज़र कंपार्टमेंट के घोषित स्टोरेज मात्रा की गणना की जाती है।
- यदि आप दोनों आइस मेकर किट हटाना चाहते हैं, तो आपको पहले दायाँ हटाना होगा।
  (केवल आइस मैक्स विकल्प मॉडल के लिए)
- इस उत्पाद की सर्वोत्तम ऊर्जा क्षमता पाने के लिए, कृपया सभी स्लीव्ज़, ड्राअर्स और बास्केट को उनकी मूल स्थिति में 17 पृष्ठ के चित्र जैसा छोड़ें।
- फ़्रीज़र कंपार्टमेंट का निचला गार्ड केवल दो सितारा खंड है।
  इसलिए, उचित कार्य-निष्पादन के लिए निचले गार्ड को मूल स्थिति पर रखा जाएगा।
- डिस्प्ले मॉडल का अलार्म फ़ंक्शन फ़्रिज का दरवाज़ा खुला रहने पर काम करता है।
  कृपया साथ ही जाँच करें कि फ़्रीज़र का दरवाज़ा बंद है या नहीं, क्योंकि फ़्रीज़र का दरवाज़ा खुला रहने पर अलार्म नहीं बजता है।
  ग़ैर-डिस्प्ले मॉडल के मामले में, फ़्रिज और फ़्रीज़र के दरवाज़े खुले रहने पर भी अलार्म नहीं बजता है।
  जाँच करें कि दरवाज़े बंद हैं या नहीं।

रेफ़्रिजरेटर के सहायक सामान हटाना

सावधानी

संयोजन करते समय, फ़्रीज़र शेल्फ़, रेफ़्रिजरेटर शेल्फ़ और कूल पैक को सही स्थिति में जमाएँ और उन्हें उलटा न रखें।
उससे शारीरिक चोट लग सकती है या सामग्री क्षतिग्रस्त हो सकती है।





1. आइस ट्रे और बॉक्स को बाहर खींचे और फिर दाईं ओर के सपोर्ट ट्रे बर्फ़ को बाहर निकालें।
   इसी प्रकार बाईं ओर करें।
   (केवल आइस मेक्स विकल्प मॉडल के लिए)



सावधानी

- आइस ट्रे सपोर्ट बाहर खींचते समय सावधानी बरतें क्योंकि वह अचानक आपकी ओर आगे बढ़ सकता है।

- आइस ट्रे सपोर्ट को वियोजित और संयोजित करते समय सावधानी बरतें क्योंकि उसके ऊपरी ओर का किनारा काफ़ी तेज़ धार वाला है। इससे उँगली को चोट पहुँच सकती है।



संयोजित करने के लिए, आइस ट्रे सपोर्ट को ऊपरी स्लॉट में रखें जहाँ दायाँ ओर ऊपर रहे।
उसे बीच में नीचे से पकड़ें और आइस ट्रे सपोर्ट को सही जगह पहुँचने तक धकेलें।

2. फ़्रीज़र शेल्फ़ या कूल पैक को ऊपर उठाएँ और आगे की ओर खींचे तथा फिर आइस ट्रे और बॉक्स को बाहर खींचें।
   सपोर्ट ट्रे की बर्फ़ को बाहर निकालें।
   (केवल फ़्रीज़र शेल्फ़ या कूल पैक विकल्प मॉडल के लिए)



3. आइस ट्रे हटाएँ और फिर फ़्रीज़र शेल्फ़ को ऊपर उठाएँ तथा उसे आगे की ओर खींचें।
   (केवल आइस ट्रे विकल्प मॉडल के लिए)



4. रेफ़्रिजरेटर के शेल्फ़ को अपनी ओर खींचें।



- रेफ़्रिजरेटर शेल्फ़ को हटाने के लिए, जब दरवाज़ों को चौड़ा खोलना संभव हो, तब शेल्फ़ को आगे खींचे, ऊपर उठाएँ और फिर बाहर निकालें।

- रेफ़्रिजरेटर शेल्फ़ को हटाने के लिए, जब दरवाज़ों को चौड़ा खोलना असंभव हो, तब शेल्फ़ को आगे खींचे, ऊपर उठाएँ और उन्हें झुकाएँ ताकि बाहर निकाल सकें।
- जब आप शेल्फ़ वापस रखें, तो सुनिश्चित करें कि उस पर "सामने" लेबल लगा ओर रेफ़्रिजरेटर के सामने की ओर हो।

5. कम तापमान वाले उत्प्रेरक गंधहारक पर सिल के सिरे को दबाते हुए उसे बाहर निकालें।

6. ऊपर उठाएँ और दरवाज़े के गार्ड को बाहर निकालें।



सहायक उपकरणों को निकालने से पहले, सुनिश्चित करें कि रास्ते में कोई भोजन नहीं है।
संभव होने पर दुर्घटना के जोखिम को कम करने के लिए सारे भोजन को निकाल दें।

रेफ़्रिजरेटर की सफ़ाई

चेतावनी

- सफ़ाई के लिए बेन्ज़ीन, थिनर या Clorox™ का उपयोग न करें। वे उपकरणों की सतह को नुकसान पहुँचा सकते हैं और आग का ख़तरा पैदा कर सकते हैं।

- जब रेफ़्रिजरेटर का प्लग लगा हो, तब पानी स्प्रे न करें, क्योंकि इससे बिजली का झटका लग सकता है।
  रेफ़्रिजरेटर को बेन्ज़ीन, थिनर या कार डिटर्जेंट से साफ़ न करें क्योंकि आग का जोखिम हो सकता है।

1. रेफ़्रिजरेटर की बिजली की तार को प्लग से निकाल दें।
2. मुलायम रोएँ रहित कपड़े या काग़ज़ के तौलियो को थोड़ा पानी में भिगाएँ।

रेफ़्रिजरेटर को साफ करने के लिए किसी प्रकार के डिटर्जेंट का उपयोग न करें क्योंकि वह रेफ़्रिजरेटर का रंग उड़ा सकता है या उसे क्षतिग्रस्त कर सकता है।

3. रेफ़्रिजरेटर के साफ और सूखा होने तक उसे भीतर और बाहर से पोछें।
4. रेफ़्रिजरेटर की बिजली की तार का प्लग लगाएँ।

अंदरूनी लाइट बदलना

LED लैम्प को बदलने के लिए, कृपया सेवा इंजीनियर से संपर्क करें।

समस्या-निवारण

समस्या	समाधान
उपकरण बिल्कुल कार्य नहीं कर रहा है या तापमान बहुत अधिक है।	• जाँचें कि क्या पावर प्लग ठीक से कनेक्ट है। • क्या सामने वाले पैनल पर तापमान नियंत्रण सही तरह सेट किया गया है? • क्या उपकरण को सीधे धूप में या किसी गरम स्रोत के पास रखा गया है? यदि हाँ, तो वह ठीक तरह ठंडा करने में सक्षम नहीं होगा। कृपया उसे ऐसी जगह रखें जहाँ सीधे धूप न पड़ती हो और ताप स्रोत समीप न हो। • क्या उपकरण का पिछला हिस्सा दीवार के काफ़ी नज़दीक है? यदि हाँ, तो वह ठीक तरह ठंडा करने में सक्षम नहीं होगा। उसे दीवार से समुचित दूरी पर रखें। • क्या अंदर बहुत अधिक खाद्य-सामग्री है जिससे खाद्य-पदार्थ निकास वायु-मार्ग को बाधित कर रहा है? रेफ़्रिजरेटर को उपयुक्त तापमान पर रखने के लिए, रेफ़्रिजरेटर में बहुत अधिक खाद्य-सामग्री न भरें।
रेफ़्रिजरेटर में रखा भोजन जम गया है।	• क्या सामने वाले पैनल पर तापमान नियंत्रण सबसे ठंडे तापमान पर सेट है? • क्या परिवेशी तापमान बहुत कम है? • क्या आपने फ़्रिज के सबसे ठंडे भाग में पानी की अधिक मात्रा वाला भोजन संग्रहीत किया है?
असामान्य शोर सुनाई देता है।	• जाँचें कि क्या उपकरण को किसी स्थिर, समतल सतह पर स्थापित किया गया है। • क्या उपकरण का पिछला भाग दीवार के बहुत पास है? • क्या कोई बाह्य चीज़ें उपकरण के पीछे या उसके नीचे गिरी हुई हैं? • क्या उपकरण में कंप्रेसर से शोर उत्पन्न हो रहा है? • उपकरण के अंदर एक टिक-टिक की ध्वनि सुनाई दे सकती है; यह सामान्य है। जब विभिन्न सहायक सामग्रियाँ सिकुड़ती या फैलती हैं, तो यह ध्वनि उत्पन्न होती है।
उपकरण के सामने के कोने और बाज़ू गर्म हैं और संघनन निर्मित होने लगता है।	• संघनन होने से रोकने के लिए उपकरण के सामने के कोनों पर गर्मी-रोधी पाइप स्थापित किए जाते हैं। जब आसपास का तापमान बढ़ता है, तो हो सकता है, कि यह सदैव प्रभावी न हो। हालाँकि, यह असामान्य नहीं है। • बहुत नम मौसम में, संघनन, उपकरण की बाह्य सतह पर तब हो सकता है जबकि हवा में मौजूद नमी उपकरण की ठंडी सतह के संपर्क में आती है।
आइस मेकर बर्फ़ तैयार नहीं कर रहा है।	• क्या आपने पानी की आपूर्ति की स्थापना के बाद बर्फ जमाने से पहले 12 घंटे तक प्रतीक्षा की? • क्या आपने मैनुअल रूप से बर्फ़ बनाने की प्रक्रिया को बंद किया है? • क्या फ़्रीज़र का तापमान अत्यधिक गरम है? फ़्रीज़र के तापमान को न्यून स्तर पर सेट करने की कोशिश करें। • क्या आपने वॉटर टैंक में पानी भरा है? • क्या आपने जाँच की है कि वॉटर टैंक सही तरह फ़िट किया गया है या नहीं?
पानी का डिस्पेंसर काम नहीं कर रहा है।	• क्या रेफ़्रिजरेटर का तापमान बहुत कम होने के कारण पानी की टंकी जम गई है? मुख्य डिजिटल डिस्प्ले पर कुछ अधिक गर्म सेटिंग का चयन करने का प्रयास करें। • क्या आपने वॉटर टैंक में पानी भरा है? • क्या आपने जाँच की है कि वॉटर टैंक सही तरह फ़िट किया गया है या नहीं?
आपको उपकरण में तरल पदार्थ के बुदबुदाने की आवाज़ सुनाई दे सकती है।	• यह रेफ़्रिजरेंट है, जो उपकरण के आंतरिक भाग को ठंडा करता है।

समस्या	समाधान
उपकरण के भीतर बदबू हो रही है।	• क्या कोई भोजन आइटम खराब हो गया है? • सुनिश्चित करें की तीक्ष्ण गंध वाला भोजन (उदाहरण के लिए मछली) को लपेटा गया है ताकि वह वायुरुद्ध रहे। • अपने फ़्रीज़र की आवधिक रूप से सफ़ाई करें और किसी ख़राब खाने को फेंक दें। फ़्रिज के अंदर सफाई करते समय, खाद्य सामग्री को कहीं और स्टोर करें और उपकरण का प्लग हटा दें। 2-3 घंटों के बाद सूखे डिश-क्लॉथ से पोंछें और फिर रेफ़्रिजरेटर के अंदर हवा को परिसंचरित होने दें।
उपकरण की दीवारों पर तुषार की परत मौजूद है।	• क्या निकास वायु-मार्ग रेफ़्रिजरेटर के अंदर संग्रहीत खाद्य-पदार्थों से अवरुद्ध हो गए हैं। • वायुसंचार को बेहतर बनाने के लिए अधिकाधिक खाद्य-पदार्थ बाहर निकाल दें। • यदि फ़्रीज़र की दराज़ पूरी तरह बंद न हो या अवरुद्ध हो, तो बाहरी नमी अंदर प्रवेश कर सकती है और अत्यधिक तुषार निर्मित हो सकता है।
संघनन, उपकरण के भीतर की दीवार पर और सब्ज़ियों के आस-पास होता है।	• पानी की अधिक मात्रा वाले खाद्य-पदार्थों को ढके बिना नमी के उच्च स्तर पर स्टोर किया गया है या दरवाज़ा अधिक समय तक खुला छोड़ा गया है। • खाद्य-पदार्थों को ढक कर या सीलबंद पात्रों में स्टोर करें।

परिवेशी कक्ष तापमान की सीमाएँ

इस रेफ़्रिजरेटर को रेटिंग प्लेट पर चिह्नित इसकी तापमान श्रेणी द्वारा निर्दिष्ट परिवेशी तापमानों पर संचालन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

श्रेणी	प्रतीक	परिवेशी तापमान श्रेणी (°C)	
		IEC 62552 (ISO 15502)	ISO 8561
अधिक समशीतोष्ण	SN	+10 से +32	+10 से +32
समशीतोष्ण	N	+16 से +32	+16 से +32
उपोष्णकटिबंधीय	ST	+16 से +38	+18 से +38
उष्णकटिबंधीय	T	+16 से +43	+18 से +43

आंतरिक तापमान कुछ कारकों से प्रभावित हो सकते हैं जैसे कि रेफ़्रिजरेटर का स्थान, परिवेशी तापमान और आपके द्वारा दरवाज़ा खोले जाने की आवृत्ति। इन कारकों की प्रतिपूर्ति करने के लिए तापमान को आवश्यकतानुसार समायोजित करें।

इस उत्पाद का सही निपटान

(अपशिष्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण)

हिन्दी

[redacted]

(उन देशों में लागू है, जिनमें पृथक एकत्रीकरण सिस्टम हैं)

उत्पाद, सहायक उपकरणों या साहित्य पर यह चिह्नांकन यह संकेत देता है कि उत्पाद और इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों (उदा चार्जर, हेडसेट USB केबल) का निपटान उनके कार्यशील अवधि की समाप्ति पर अन्य घरेलू अपशिष्ट पदार्थों के साथ नहीं किया जाना चाहिए। अपशिष्ट के अनियंत्रित निपटान से पर्यावरण या मानव स्वास्थ्य को होने वाली संभावित हानि से बचने के लिए कृपया इन आइटम को अन्य प्रकार के अपशिष्ट से पृथक करें और सामग्री संसाधनों के दीर्घकालीन पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उन्हें जिम्मेदारी से रिसायकल करें।

इन आइटम को पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित रिसायकल हेतु ले जाने के स्थान और तरीके के विवरण के लिए घरेलू उपयोगकर्ताओं को उस खुदरा विक्रेता से, जहाँ से उन्होंने इसे खरीदा है, या अपने स्थानीय सरकारी कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

व्यावसायिक उपयोगकर्ताओ को उनके आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क करना चाहिए और क्रय संविदा की नियमों और शर्तों की जाँच करनी चाहिए। इस उत्पाद को और इसके इलेक्ट्रॉनिक सहायक उपकरणों को निपटान के लिए अन्य वाणिज्यिक अपशिष्ट पदार्थों के साथ मिलाना नहीं चाहिए।

सुरक्षित निपटान और रिसाइकल करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.samsung.com पर जाएँ या नीचे दिए हेल्पलाइन नंबर पर SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें।

SAMSUNG

SAMSUNG WORLD WIDE से संपर्क करें

यदि Samsung उत्पादों से संबंधित आपके कोई प्रश्न या टिप्पणियाँ हैं, तो कृपया SAMSUNG के ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करें।

देश	फ़ोन करें	वेबसाइट
भारत	1800 3000 8282 - टोल फ़्री 1800 266 8282 - टोल फ़्री	www.samsung.com/in/support

This product is RoHS compliant

DA68-03236A-01